आजा मेरे साँवरिया

तर्ज: हारे का तू है सहारा साँवरे

बाबा तू मेरा और में हूँ तेरा
टूटे ना रिस्ता ओ बाबा तेरा मेरा
छूप छूप के रोता हूँ
तेरी याद जो आती है
तेरी यादे साँवरिया
कितना तड़पाती है
आजा मेरे साँवरिया ,
आजा मेरे साँवरिया
बाबा तू मेरा,,,,,,,,,

तेरे दर की सीढ़ी पे
तेरी नजरो के आगे
घंटो करता था
तुमसे दिल की बातें
याद वो आती है साँवरिया
दिल मेरा रोता है
आजा मेरे साँवरिया
बाबा तू मेरा,,,,,,,,,,,,,,

तुम बिन साँवरिया
दिल नही लगता है
क्या तू भी मिलने को
हम से तरसता है
इतना बता दे तू साँवरिया
क्या तू छूपाता है
आजा मेरे साँवरिया
बाबा तू मेरा,,,,,,,,,,,

हाले दिल सुनले
ओ बाबा श्याम हमारा
रो रो मर जाये ना तेरा दीवाना
राही, का तुमसे मेरे बाबा नाता पुराना है
आजा मेरे साँवरिया ,
आजा मेरे साँवरिया
बाबा तू मेरा और में हूँ तेरा,

ARUN CHAUHAN RAHI

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/17611/title/aaja-mere-sanwariyan

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |